प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 20.08.2025

मुख्य समाचारः–

- राज्य मंत्रिमंडल का आज हुआ विस्तार–राज्यपाल ने गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल और गुरु खुशवंत सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई–नये मंत्रियों को विभागों का बंटवारा भी किया गया।

- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक पेश किया।

- दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में उनतीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–बीजापुर जिले में बंगोली के जंगल से पांच माओवादी गिरफ्तार।

- भारी बारिश के कारण छत्तीसगढ़–तेलंगाना के बीच सड़क यातायात हुआ प्रभावित–बिलासपुर जिले के कुंवापाली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत।

छत्तीसगढ़–मंत्रिमंडल विस्तार

छत्तीसगढ़ में आज राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। राज्यपाल रमन डेका ने राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल और गुरु खुशवंत सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस तरह अब मुख्यमंत्री को मिलाकर राज्य मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या बढ़कर चौदह हो गई है। शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य उपस्थित थे।

आज शपथ लेने वाले नये मंत्रियों को विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया है। मंत्री गजेन्द्र यादव को स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि और विधायी कार्य विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं, गुरू खुशवंत साहेब को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। इसी तरह, राजेश अग्रवाल को पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग की कमान सौंपी गई है।

वहीं, राज्य मंत्रिपरिषद के दो सदस्यों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंत्री लखनलाल देवांगन को आबकारी विभाग और केदार कश्यप को परिवहन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

लोकसभा–ऑनलाइन गेमिंग

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक पेश किया। इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन–देन पर रोक लगाना है। इसके अंतर्गत समन्वित नीतिगत सहयोग, रणनीतिक विकास और विनियमन के लिए ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी की नियुक्ति का प्रावधान है। इसका उद्देश्य इन खेलों से जुड़े प्रभावों से विशेषकर युवाओं और वंचित लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है।

इस विधेयक में पैसा लेकर ऑनलाइन खेलों की पेशकश करने, संचालन करने या प्रोत्साहन करने पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रावधान है। ऑनलाइन गेम से जुड़े कानून के उल्लंघन पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

माओवादी आत्मसमर्पण / गिरफ्तार

राज्य के बस्तर संभाग में आज उनतीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें दस महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादियों पर करीब पचपन लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने आज दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में आत्मसमर्पण किया है।

दंतेवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर ने बताया कि जिले में आज इक्कीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इन पर साढ़े पच्चीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

वहीं, नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया ने बताया कि जिले में दो महिला सहित आठ माओवादियों में आत्मसमर्पण किया है। इन सभी पर तीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही इन्हें शासन द्वारा कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और कृषि भूमि भी मुहैया कराई जाएगी।

इस बीच, बीजापुर जिले में बंगोली के जंगल से पांच माओवादियों को आज गिरफ्तार किया गया है। इनमें से चार माओवादियों पर छह लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री और जमीन खोदने के औजार बरामद किए गए हैं।

मौसम / आकाशीय बिजली

छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग में पिछले दो दिनों के दौरान हुई भारी बारिश के कारण गोदावरी और इंद्रावती नदी का जलस्तर बढ़ गया। इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ तिरसठ और तिरसठ पर आवागमन प्रभावित हुआ है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच यातायात काफी समय तक प्रभावित रहा। इन नदियों में जलस्तर बढ़ने के कारण इनके तट पर बसे गांवों में लोगों को सतर्क किया गया है। हालांकि, ताजा प्राप्त जानकारी के अनुसार अब बारिश का दौर थमने से इन नदियों में जलस्तर धीरे–धीरे कम हो रहा है।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा दक्षिण–पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

इस बीच, बिलासपुर जिले के कुंवापाली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि, चार अन्य महिलाएं झुलस गई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब ये महिलाएं खेत में काम करने के बाद वापस घर लौट रही थीं।

हाईकोर्ट सुनवाई

फार्मासिस्ट वर्ग–दो के वेतन संबंधी मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा फैसला दिए जाने के बावजूद उसे लागू करने में देरी के कारण हाईकोर्ट के न्यायाधीश रविंद्र कुमार अग्रवाल ने इसे कोर्ट की अवमानना मानते हुए आईएएस अधिकारी अविनाश चंपावत, हिमशिखर गुप्ता और अमित कटारिया के खिलाफ पचास–पचास हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। वहीं, आईपीएस हिमांशु गुप्ता और प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ को भी अवमानना नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई चार सितंबर को होगी।

स्वास्थ्य जांच शिविर

रायपुर स्थित राज्य सैनिक बोर्ड कार्यालय में आज वीर नारियों, वीर माताओं और पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया (कोसा) द्वारा आयोजित इस शिविर में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा ने वीर नारियों और वीर माताओं को सम्मानित किया।

नगर सैनिक–परिणाम

नगर सैनिक भर्ती के लिए चयनित अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को एक से दस सितंबर तक जिला मुख्यालयों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

प्राचार्य–काउंसिलिंग प्रक्रिया

टी–संवर्ग के नव–पदोन्नत प्राचार्यों के लिए आज से रायपुर के शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर में ऑनलाइन ओपन काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तेईस अगस्त तक चलने वाली इस काउंसिलिंग प्रक्रिया में आठ सौ पैंतालीस पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग की प्रक्रिया दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक और दूसरी पाली दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। दोनों ही पालियों में डेढ़–डेढ़ सौ प्राचार्यों को शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग के अंतिम दिन तेईस अगस्त को अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को भी अवसर मिलेगा।

रेडियो श्रोता दिवस

ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा आज रेडियो श्रोता दिवस मनाया गया। रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से पहुंचे श्रोता शामिल हुए। ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन के प्रांतीय अध्यक्ष मोहन लाल देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र मोदी, आकाशवाणी रायपुर के उप महानिदेशक और कार्यालय प्रमुख वी. राजेश्वर और कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान लोक गायिका कविता वासनिक ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की प्रस्तुति दी।